# संपादकीय

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बाद की दिशा

पंजाब जिसे हरित क्रांति की भूमि के रूप में जाना जाता है, अब पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक नई चुनौती का सामना कर रहा है। 10 दिसम्बर 2024 से राज्य में सिंगल यूज प्लास्टिक (एस.यू.पी.) पर पूर्ण प्रतिबंध लागू हो चुका है। यह निर्णय केवल पर्यावरणीय संकट से निपटने का संकेत है बल्कि यह पंजाब के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव की दिशा में भी एक कदम है। हालांकि इस प्रतिबंध की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि इसे शहरी और ग्रामीण दोनों स्तरों पर कितनी प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है।

आंकड़े और प्रभाव ~ पंजाब हर साल लगभग 6 लाख टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न करता है, जिसमें से 12 प्रतिशत सिंगल यूज प्लास्टिक है। यह कचरा नदियों, नालों और खेतों में फैलकर न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। शहरी इलाकों में खासकर लुधियाना, अमृतसर और चंडीगढ़ जैसे बड़े शहरों में प्लास्टिक कचरे के कारण बरसात के मौसम में नालों का जाम होना और जलभराव आम समस्याएं बन गई हैं। प्लास्टिक बैग और अन्य एस.यू.पी. उत्पाद जैसे डिस्पोजेबल प्लेट्स और गिलास, कचरे का एक बड़ा हिस्सा बनाते हैं।

ग्रामीण इलाकों में स्थिति और भी चिंताजनक है। पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पी.ए.यू.) के एक अध्ययन के अनुसार संगरूर और मानसा जैसे जिलों में करीब 15 प्रतिशत खेतों में प्लास्टिक कचरे का जमाव पाया गया है। यह कचरा मिट्टी की उर्वरता को प्रभावित करता है जिससे फसलों की पैदावार कम हो जाती है। किसानों के लिए यह समस्या तब और गंभीर हो



जाती है जब वे प्लास्टिक कचरे को जलाने के लिए मजबूर हो जाते हैं जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है। आर्थिक और सामाजिक चुनौतियां ~ पंजाब का आर्थिक ढांचा छोटे और मध्यम उद्योगों (एम.एस.एम.ई.एस.) पर टिका हुआ है। राज्य में 5000 से अधिक प्लास्टिक निर्माण इकाईयां हैं जो लगभग 50,000 लोगों को रोजगार देती हैं। इन उद्योगों के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध एक बड़ा झटका साबित हो सकता है। लुधियाना का हौजरी उद्योग इसका एक उदाहरण है। यहां उत्पादों को पैक और शिप करने के लिए प्लास्टिक पैकेजिंग का उपयोग किया जाता है। बायोडिग्रेबेल विकल्प अपनाने से उनके पैकेजिंग खर्च में 30-40 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए यह लागत बढ़ाना मुश्किल होगा। छोटे विक्रेता और सड़क पर खाद्य पदार्थ बेचने वाले फेरीवाले भी इस प्रतिबंध से प्रभावित होंगे। जालंधर और बठिंडा जैसे शहरों में स्ट्रीट फूड व्यवसाय प्लास्टिक डिस्पोजेबल के उपयोग पर निर्भर हैं। इनके लिए बांस, स्टील या कागज आधारित विकल्पों की उच्च कीमत एक बड़ी बाधा है। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लागू करने में बड़ी चुनौती यह है कि पंजाब के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच एक बड़ा अंतर है। शहरी क्षेत्रों में जहां जागरूकता और बुनियादी ढांचा बेहतर है, प्रतिबंध को लागू करना अपेक्षाकृत आसान हो सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां प्लास्टिक उत्पाद सस्ते और आसानी से उपलब्ध हैं, विकल्प अपनाना एक चुनौती है। इसके अलावा प्लास्टिक उत्पादों की तस्करी एक अन्य समस्या बन सकती है। पड़ोसी राज्यों से सस्ती प्लास्टिक वस्तुओं की आपूर्ति को रोकने के लिए कड़े कानून और प्रभावी निगरानी प्रणाली की आवश्यकता होगी। पंजाब में प्लास्टिक संकट से निपटने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। राज्य सरकार को उद्योगों और छोटे व्यवसायों को किफायती विकल्प उपलब्ध कराने के लिए सबसिडी या कर छूट देनी चाहिए। उदाहरण के लिए लुधियाना में कुछ छोटे उद्योग बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग के लिए रिसर्च कर रहे हैं। ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित करना चाहिए। गांवों में पंचायतों को जिम्मेदारी सौंप कर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम किया जा सकता है। स्कूलों और स्थानीय सामुदायिक केंद्रों में जागरूकता अभियान चलाने से ग्रामीण इलाकों में प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी बढ़ाई जा सकती है। पंजाब हर साल 2 करोड़ टन पराली का उत्पादन करता है, जिसका बड़ा हिस्सा जलाया जाता है। पराली का उपयोग बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक और पैकेजिंग सामग्री बनाने में किया जा सकता है। पटियाला में एक पायलट परियोजना ने यह दिखाया है कि पराली से बने उत्पाद लागत प्रभावी और पर्यावरण के अनुकूल हो सकते हैं।

## प्रदूषित हवा में सांस लेने को अभिशप्त भारतीय?, दिल्ली में एक्यूआई बेहद खराब



राजकुमार सिंह

दिल्ली-एनसीआर फिर सांसों के संकट से रूबरू है. दिसंबर में ही दूसरी बार बढ़ते वायु प्रदूषण से निपटने के तात्कालिक उपायों के तौर पर ग्रेडेड रेस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप)-4 लागू करना पड़ा है, क्योंकि वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) फिर से 450 के पार चला गया. 301 पार करते ही खतरनाक की श्रेणी में पहुंच जानेवाला एक्यूआई 20 दिसंबर की सुबह दिल्ली में 588 पर था. कमर्शियल वाहन छोड़िए, बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल निजी कार तक पर प्रतिबंध है-भले ही आपके पास प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र हो और आपकी कार 'फिटनेस' अवधि में. टैक्सी और दुपहिया वाहनों पर ऐसी कोई पाबंदी नहीं है. क्या यह अतार्किक नहीं है? कक्षाएं ऑनलाइन हैं तो 'वर्क फ्रॉम होम' का फरमान जारी है. हर काम घर से नहीं हो सकता. जो हो सकते हैं, उनकी भी अनुमति ऑफिस की मर्जी पर निर्भर है. निर्माण कार्य आदि तो ग्रेप की शुरुआती स्टेज पर ही बंद हो जाते हैं. निर्माण-श्रमिकों को आर्थिक राहत की बात कही जाती है, पर वह कितनों को कितनी मिल पाती है, यह अध्ययन का विषय है. बेशक जब हालात बेकाबू हो जाएं, जैसे कि एक्यूआई फिर 450 के पार चले जाने पर हो गए तो आपातकालीन कदम उठाने ही पड़ते हैं, पर उनसे जन-जीवन पर पड़नेवाले नकारात्मक असर के अध्ययन की जहमत कोई नहीं उठाता. यह समस्या पहली बार भी नहीं. हर साल कम-से-कम दो-तीन बार ऐसी नौबत आती है, जब आपातकालीन कदम उठाए जाते हैं. आखिर सरकारें आग भड़कने पर ही कुआं खोदने की मानसिकता से उबर कर आग लगने से रोकने के लिए ही जरूरी एहतियाती कदम क्यों नहीं उठातीं? क्या यह शर्मनाक नहीं कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र और पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था भारत की राजधानी दिल्ली के निवासियों को पिछले साल सिर्फ दो दिन ही सांस लेने लायक साफ हवा मिली? सच यह है कि देश में एक भी शहर ऐसा नहीं, जिसकी हवा साफ यानी स्वास्थ्य मानकों के मुताबिक सांस लेने लायक हो. यह खुलासा अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लैंसेट प्लेनेटरी हेल्थ की ताजा रिसर्च में किया गया है. रिसर्च स्पष्ट कहती है कि भारत के एक भी शहर की हवा सांस लेने लायक नहीं और वायु प्रदूषण का स्तर इतना खराब है कि कोई क्षेत्र ऐसा नहीं बचा, जहां हवा का वार्षिक स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मानकों पर खरा उतरता हो.

## आज का कार्टून




# कैंसर के खिलाफ जंग में जगी उम्मीदें

कैंसर के खिलाफ रूसी टीके को भारत में बड़ी आस से देखने की बड़ी वजह इस देश का कैंसर की राजधानी बनते जाना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुमानों के अनुसार, भारत में प्रत्येक 10 भारतीयों में से 1 को अपने पूरे जीवनकाल में कैंसर विकसित होने की आशंका है, जो एक गंभीर बात है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम का आकलन बताता है कि वर्ष 2022 में भारत में कैंसर के मामलों की संख्या 14 लाख से अधिक थी, जिसके अब जल्द ही वर्ष 2025 में बढ़कर 15.7 लाख हो जाने की आशंका है। वर्ष 2022 में कैंसर के जो नए मामले सामने आए थे, उनमें से 7.22 लाख महिलाओं में जबकि 6.91 लाख पुरुषों में कोई न कोई कैंसर पाया गया। भारत में 2022 में 9.16 लाख मरीजों की कैंसर से मौत हुई। ये आंकड़े भारत में कैंसर रोग की वैश्विक राजधानी साबित करते हैं।

डॉ. संजय वर्मा

करीब दो साल से यूक्रेन से युद्ध में उलझे रूस से यह खबर मिलना हर किसी को विस्मित कर सकता है कि उसने कैंसर जैसे गंभीर मर्ज के खिलाफ एक टीका (वैक्सीन) विकसित कर लिया है। इसका ऐलान खुद रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय के रेडियोलॉजी मेडिकल रिसर्च सेंटर ने किया है। रूस के सरकारी मीडिया से मिली इस खबर के आधार जाएं, तो सवाल उठ सकता है कि आखिर यह टीका कितना असरदार है। इसकी असली परीक्षा तभी होगी, जब बाकी दुनिया को इसके परीक्षण का मौका मिलेगा। लेकिन फिलहाल के दावे के मुताबिक वर्ष 2025 से यह टीका सभी रूसी नागरिकों के लिए मुफ्त में उपलब्ध हो जाएगा।

यह देखते हुए कि भारत समेत पूरी दुनिया को लंबे अरसे तक तकरीबन लाइलाज मानी जाती रही और फिर काफी जटिल चिकित्सा के सहारे कुछ हद तक इससे मुक्ति मिलने लगी है, यहां पहला सवाल टीके की विश्वसनीयता का ही उठ सकता है। एक तरफ जहां हमारे देश में पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू हाल में अपनी पत्नी का भोजन बदलकर प्रभावी आयुर्वेदिक इलाज का दावा कर चुके हैं, लोग पूछ सकते हैं कि क्या रूसी टीका इतना भरोसेमंद होगा कि अगर वह यहां उपलब्ध हुआ, तो आंख मूंदकर लगवा लिया जाए।

इस संदर्भ में एक उदाहरण देना प्रासंगिक होगा। कोविड-19 महामारी के तेज वैश्विक प्रसार के दौरान रूस ने वैक्सीन-स्पुतनिक वी का निर्माण किया था, तो खुद सबसे पहले राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यह टीका लगवाया था। हो सकता है कि इस बार भी पुतिन कुछ ऐसा ही करिश्मा करें और तब दुनिया इस पर यकीन करने लगे कि असाध्य कहलाने की श्रेणी में आने वाली कैंसर नामक बीमारी का आसान तोड़ आखिरकार मिल ही गया है। वैसे यहां उल्लेखनीय यह है कि एक शोध समाचार वेबसाइट- 'द साइंटिस्ट' के मुताबिक करीब डेढ़ दशक पहले न्यूयॉर्क स्थित एक बायोटेक कंपनी ने अप्रैल, 2008 में घोषणा कर दी थी कि उसे रूस में पहली चिकित्सकीय कैंसर वैक्सीन बनाने के लिए मंजूरी मिल गई है। इसे किसी देश के कैंसर रोकथाम नियामक द्वारा दी गई पहली मंजूरी माना गया था। हालांकि, बाद के दो दशकीय अंतराल में यह नहीं पता चला कि कैंसर टीके के विकास के काम का क्या हुआ। लेकिन इसी साल फरवरी, 2024 में मॉस्को फोरम ऑन फ्यूचर टेक्नोलॉजी प्रोग्राम के दौरान रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने आश्वासन दिया था कि उनके वैज्ञानिक जल्दी ही दुनिया को कैंसर का टीका उपलब्ध करा देंगे। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि ये टीके रूस के बाहर कब से मिलेंगे और कैंसर के किन प्रकारों की रोकथाम करेंगे।

जहां तक इस टीके के निर्माण की प्रक्रिया (बनावट) की बात है, तो यह एमआरएनए (यह एक अणु है जो डीएनए से विशिष्ट निर्देश प्राप्त करता है) किस्म की वैक्सीन है। असल में, इस किस्म के पारंपरिक टीके बनाने में बीमारी की रोकथाम के लिए उसी वायरस या मर्ज के रोगाणुओं का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे खुद वह बीमारी पैदा होती है। अंतर सिर्फ यह है कि ऐसा करते वक्त कैंसर कोशिकाओं की सतह से उन हानिरहित प्रोटीन को उठाकर अलग किया




जाता है, जिन्हें एंटीजन के रूप में जाना जाता है। ये एंटीजन टीके के निर्माण की प्रक्रिया में चिकित्सकीय परीक्षण (क्लिनिकल ट्रायल) के दौरान इंसानी शरीर में प्रविष्ट कराए जाते हैं और तब इनके सहारे बीमारी के खिलाफ कारगर एंटीबॉडी विकसित करने हेतु शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को उत्तेजित किया जाता है। एमआरएनए टीके में संदेशवाहक की भूमिका में आए आरएनए के एक छोटे टुकड़े का उपयोग किया जाता है, जिससे शरीर की कोशिकाओं को कैंसर कोशिकाओं से संबंधित एक विशिष्ट प्रोटीन का उत्पादन करने का निर्देश मिलता है। याद रहे कि कोविड महामारी से लड़ने के लिए इस्तेमाल में लाई गई वैक्सीन कोविशील्ड इसी किस्म का टीका था।

वैसे, कैंसर से बचाव और रोकथाम की दिशा में टीका बनाने की कोशिश करने वाले देश के रूप में रूस अकेला नहीं है। ब्रिटेन और जर्मनी समेत कई अन्य देशों में बायोटेक कंपनियां कैंसर के खिलाफ कारगर दवाएं और टीके विकसित करने में जी-जान से लगी हुई हैं। जैसे ब्रिटिश सरकार जर्मनी की मशहूर फार्मा कंपनी बायोनटेक के साथ मिलकर कैंसर के उपचार के लिए वैक्सीन का क्लिनिकल ट्रायल कर रही है। उम्मीद है कि वर्ष 2030 तक करीब 10 हजार कैंसर मरीज लाभान्वित हो सकते हैं। उधर अमेरिका की मॉडर्ना और मर्क फार्मा कंपनी त्वचा कैंसर की एक प्रायोगिक वैक्सीन पर काम कर रही हैं, जिसके शुरुआती नतीजे सकारात्मक बताए जा रहे हैं। अध्ययन से जुड़े दावों के मुताबिक इस टीके ने तीन साल के इलाज के बाद त्वचा कैंसर के एक घातक रूप - मेलेनोमा के कारण होने वाली मौतों की आशंका को घटाकर आधा कर दिया है। इन टीकों के अलावा छह अन्य कैंसर टीकों पर भी काम चल रहा है जो ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) की रोकथाम कर सकते हैं। ये टीके वायरस सर्विकल (गर्भाशय) कैंसर समेत कुछ अन्य प्रकार के कैंसर रोगों से बचाव कर सकते हैं।

एक और उदाहरण कैंसर की एओएच1996 नामक दवा के मानव परीक्षण (इंसानी ट्रायल) का है, जो पिछले साल सितंबर, 2023 से अमेरिका में शुरू किया गया है। इस दवा का नाम 1996 में जन्मी लड़की आना ओलिविया हीली से प्रेरित है, जिसे न्यूरोब्लास्टोमा नाम का बच्चों को होने वाला कैंसर था और इसी से 2005 में नौ साल की उम्र में उसकी मौत हो गई थी। पेट, छाती और गले की हड्डियों में होने वाले कैंसर से बचाव और रोकथाम में मददगार इस दवा का नाम ओलिविया को श्रद्धांजलि के रूप में रखा गया है। वैज्ञानिकों का दावा है कि यह दवा शरीर की स्वस्थ कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाए बिना ही कैंसर के ट्यूमर को जड़ से खत्म कर सकती है।

कैंसर के खिलाफ रूसी टीके को भारत में बड़ी आस से देखने की बड़ी वजह इस देश का कैंसर की राजधानी बनते जाना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुमानों के अनुसार, भारत में प्रत्येक 10 भारतीयों में से 1 को अपने पूरे जीवनकाल में कैंसर विकसित होने की आशंका है, जो एक गंभीर बात है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद- राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम का आकलन बताता है कि वर्ष 2022 में भारत में कैंसर के मामलों की संख्या 14 लाख से अधिक थी, जिसके अब जल्द ही वर्ष 2025 में बढ़कर 15.7 लाख हो जाने की आशंका है। वर्ष 2022 में कैंसर के जो नए मामले सामने आए थे, उनमें से 7.22 लाख महिलाओं में जबकि 6.91 लाख पुरुषों में कोई न कोई कैंसर पाया गया।

भारत में 2022 में 9.16 लाख मरीजों की कैंसर से मौत हुई। ये आंकड़े भारत में कैंसर रोग की वैश्विक राजधानी साबित करते हैं। स्वास्थ्य जर्नल- द लैंसेट के शोधकर्ताओं ने पाया है कि हर साल तंबाकू के सेवन से भारत, चीन, ब्रिटेन, ब्राजील, रूस, अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका में ही 13 लाख मौतें हो रही हैं। यह संख्या कुल कैंसर मौतों की आधी है। हालांकि इसका अकेला गंभीर पीड़ित भारत नहीं है। दुनिया में हर छठवीं मौत के लिए कैंसर को जिम्मेदार माना जाता है। इसमें अमीर-गरीब का फर्क भी नहीं है। इसी साल की शुरुआत में ब्रिटेन के 75 वर्षीय राजा चार्ल्स के कैंसरग्रस्त होने का पता चला है। ऐसे में, रूसी टीका भारत समेत पूरी दुनिया को अगर मिल सका तो इसके सहारे रूस की सॉफ्टपावर में हुआ इजाफा हर किसी को उसका मुरीद बना सकता है।

(लेखक मीडिया यूनिवर्सिटी में एसोसिएट प्रोफेसर हैं।)

# महिलाओं की सत्ता में बराबरी के अधिकार की लड़ाई अभी बाकी

आजादी के बाद भी स्त्रियों को अधिकारों के लिए लगातार लडना पड़ा। सरकारी नौकरियों तथा जन प्रतिनिधित्व अधिकार के लिए लंबी लड़ाई लड़ी गई। तब जाकर वर्ष 2023 में संविधान में 106वां संशोधन किया गया। महिला आरक्षण अधिनियम नारीशक्ति वंदन पारित किया गया। इसके तहत लोकसभा तथा राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें आरक्षित की गई हैं, मगर इसे 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले लागू नहीं किया जा सका। यह परिसीमन के बाद ही लागू होगा। परिसीमन 4 साल से लंबित पड़े जनगणना का कार्य संपन्न होने के बाद ही उसके डाटा मिलने पर संभव होगा।

अकु श्रीवास्तव

6 दिसम्बर 2007 को सुप्रीम कोर्ट ने रूढ़िवाद पर आधारित महिलाओं पर बंदिश लगाने वाले कानून को खारिज किया। यह ऐतिहासिक दिन था। इसके बाद धर्म, जाति, नस्ल, लिंग, जन्म स्थान या इनमें से किसी के आधार पर भेदभाव पर रोक लगाने वाले संविधान के अनुच्छेद 15 की महिलाओं के अधिकारों के संबंध में व्यापक व्याख्याएं हुई हैं।

उक्त मुकद्दमे में याचिकाकर्ता थे अनुज गर्ग एवं अन्य तथा प्रतिवादी थी होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं अन्य। न्यायमूर्ति एस.बी. सिन्हा और हरजीत सिंह बेदी की पीठ द्वारा पंजाब आबकारी अधिनियम-1914 की धारा 30 को चुनौती दी गई है, जो 25 वर्ष से कम आयु की महिला को किसी ऐसे परिसर में जाने से रोकती थी, जहां शराब या मादक पदार्थ का सेवन जनता द्वारा किया जाता है। इस तरह महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में कहा जा सकता है कि लैंगिक समानता का सिद्धांत भारतीय संविधान में निहित है। इसमें मूल अधिकार से जुड़ा 14वां अनुच्छेद भी शामिल है, जिसमें विधि के समक्ष समान संरक्षण प्राप्त है।

विद्वानों का मानना है कि वैदिक काल के प्राचीन भारत में महिलाओं को जीवन के सभी क्षेत्रों में बराबरी का दर्जा हासिल था। हालांकि



स्मृतिकाल में उनके स्तर में बदलाव आना शुरू हो गया है। चौथी शताब्दी ई.पू. के माने जाते अपस्तंभ सूत्र में नारी सुलभ आचरण संबंधी नियमों को 1730 में त्रयम्बक यज्वन ने स्त्रीधर्मपद्धति में संकलित किया था। इसका मुख्य छंद था 'मुख्यो धर्मः स्मृतिषु विहितो भार्तृशुश्रुषानाम हि' अर्थात स्त्री का मुख्य कर्तव्य उसके पति की सेवा से जुड़ा है। मध्यकाल में बाहरी आक्रमणों के कारण भारतीय समाज में महिलाओं पर कई तरह की बंदिशें थोपी गईं, जिसने समाज में स्त्रियों के प्रति एक बहुत ही संकुचित सोच का निर्माण किया। इस सोच से स्वतंत्रता की लड़ाई अब तक जारी है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान समाज सुधारक राजा राममोहन राय ने महिलाओं के खिलाफ सती प्रथा जैसी कुरीतियों को बंद कराया। महिला अधिकारों को आज सबसे जागरूक समझे जाने वाले केरल राज्य में 18वीं-19वीं सदी में दलित स्त्रियों से बेहद बुरा बर्ताव हो रहा था। उन्हें वक्ष ढंकने की इजाजत नहीं थी। पढ़ना-लिखना मना था। उनका सार्वजनिक स्थानों पर प्रवेश वर्जित था और यहां तक कि उन्हें बाजारों में भी नहीं घुसने दिया जाता था। ऐसे में तिरुवनंतपुरम के पास एक गांव वेगनूर में पुलाया नामक दलित समुदाय में जन्मे अय्यनकली ने दलित महिलाओं को अधिकार दिलाने और लड़कियों को स्कूल में प्रवेश दिलाने के लिए आंदोलन किया। ऐसी ही समाज सुधारक और पहली महिला शिक्षक सावित्री बाई फुले ने स्त्रियों के अधिकारों, अशिक्षा, छुआछूत, बाल विवाह और विधवा को विवाह के अधिकार के लिए आवाज उठाई और अंधविश्वासों के खिलाफ लंबा संघर्ष किया। सावित्री बाई फुले ने अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर लड़कियों के लिए 18 स्कूल खोले।

आजादी के बाद भी स्त्रियों को अधिकारों के लिए लगातार लडना पड़ा। सरकारी नौकरियों तथा जन प्रतिनिधित्व अधिकार के लिए लंबी लड़ाई लड़ी गई। तब जाकर वर्ष 2023 में संविधान में 106वां संशोधन किया गया। महिला आरक्षण अधिनियम नारीशक्ति वंदन पारित किया गया। इसके तहत लोकसभा तथा राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें आरक्षित की गई हैं, मगर इसे 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले लागू नहीं किया जा सका। यह परिसीमन के बाद ही लागू होगा। परिसीमन 4 साल से लंबित पड़े जनगणना का कार्य संपन्न होने के बाद ही उसके डाटा मिलने पर संभव होगा। यदि नए साल में जनगणना का काम शुरू हो जाता है तो संभव है कि इसके पूरे आंकड़े अगले साल तक मिल जाएंगे। ऐसे में वर्ष 2026 से पहले इसके लागू होने की संभावना नहीं बन रही है। इस कानून को पारित होने के बाद भी सत्तारूढ़ दल ने इसके 2026 तक प्रभावी हो जाने का अनुमान जताया था। हालांकि तब भी विपक्ष ने 2024 में इसे लागू न करने को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाए थे।

मगर जब 2024 के लोकसभा चुनाव और बाद में हरियाणा, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर तथा महाराष्ट्र विधानसभाओं के चुनाव हुए तो किसी भी राजनीतिक दल ने महिलाओं को एक तिहाई टिकटें देने का साहस नहीं दिखाया। यानी महिलाओं के अधिकारों के नाम पर कुल जमा सारी बयानबाजी राजनीति करने तक सीमित है। अलबत्ता चुनावी राजनीति में महिलाओं ने अपनी ताकत दिखानी शुरू कर दी है। लोकसभा चुनाव में 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले अधिक संख्या में मतदान किया। अगर समूचे भारत की बात करें तो 65.8 फीसदी महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया, जबकि पुरुषों की संख्या 65.7 फीसदी रही। राजनीति वह क्षेत्र है, जहां पुरुषों का वर्चस्व है। अमरीका जैसे विकसित देश में महिलाओं के राजनीतिक वर्चस्व को स्वीकार करने में हिचक है। वहां हाल ही में हुए चुनाव में सबने देखा कि चुनाव जीतने वाले डोनाल्ड ट्रम्प और उनके सहयोगियों ने उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस का मजाक उनके महिला होने को लेकर लगातार उड़ाया। मतदान का डाटा भी बता रहा है कि वहां पुरुषों ने ट्रम्प को ज्यादा वोट दिए। इसलिए सत्ता में बराबर की भागीदारी के लिए भारत में भी महिलाओं को अभी काफी लड़ाई लडनी है। अभी तो सिर्फ एक तिहाई की बात हो रही है।



# गुलाब के पौधे में भर-भरकर आएंगी कलियां और फूल, यह 1 देसी नुस्खा आएगा काम

**गुलाब के पौधे में अगर कलियां और फूल नहीं आ रहे हैं, तो आप घर पर ही एक नेचुरल फर्टिलाइजर बना सकते हैं, जो पौधे की ग्रोथ के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। आइए जानें फर्टिलाइजर बनाने का तरीका...**

अगर आप घर में पौधे लगाने का शौक रखते हैं, तो आपको गुलाब का प्लांटअपने गार्डन में जरूर लगाना चाहिए। गुलाब का पौधा देखने में बहुत ही खूबसूरत होता है। इस पर फूल खिलने लगे, तो इसकी खूबसूरती में चार-चांद लग जाते हैं। इस पौधे को अन्य पौधों के मुकाबले ज्यादा केयर की जरूरत होती है। कई बार तो बहुत ज्यादा देखभाल करने के बाद भी गुलाब के पौधे ना ही कलियां आती हैं और ना ही फूल खिलते हैं। अगर आपके पौधे में भी पूरी देखभाल करने के बाद भी गुलाब की कलियां नहीं आ रही हैं और फूल भी नहीं खिल रहे हैं, तो आपको घबराने की जरूरत नहीं है।

पौधों को हेल्दी रहने के लिए विटामिन, प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट्स की जरूरत होती है। ऐसे में पौधे को न्यूट्रिएंस देने के लिए आप घर पर एक देसी फर्टिलाइजर बना सकते हैं। आज हम आपको एक ऐसे देसी नुस्खे के बारे में बताएंगे, जिसकी मदद से आप अपनी घर की बेकार चीजों की मदद से ही फ्री में बिना पैसा खर्च किए गुलाब के पौधे को फूलों से भर सकते हैं। आइए जानें गुलाब के पौधे में फूल उगाने का देसी नुस्खा...

### देसी फर्टिलाइजर बनाने के लिए चाहिए

- दाल का पानी
- चावल का पानी
- सब्जियों के छिलके
- फलों के छिलके
- पुरानी बाल्टी/मटका

### कैसे बनेगा फर्टिलाइजर

- एक पुरानी बाल्टी या मटके में रोजाना अपने किचन से निकले हुए फलों और सब्जियों के छिलकों को जमा करें।
- इसी बाल्टी में छिलकों के साथ आधी बाल्टी पानी लें। इसमें रोज चावल और दाल धोने के बाद बचने वाला पानी मिलाएं।
- रोजाना दिन में 2 बार इस पानी को एक लकड़ी की मदद से मिलाएं। इससे आपके फर्टिलाइज से गंदी बदबू नहीं आएगी।
- इन सभी चीजों को हमेशा ढककर रखें। 14 दिनों तक इसे फर्मेंट होने दें। इसके बाद आपका फर्टिलाइजर इस्तेमाल के लिए तैयार हो जाएगा।

### फर्टिलाइजर का इस्तेमाल कैसे करें?

- इस्तेमाल करने से पहले फर्टिलाइजर को छान लें और उसके पानी को एक अलग बर्तन में जमा करें।
- अब इस फर्टिलाइजर में बराबर मात्रा में पानी मिला लें। इसका आधा कप अपने गमले में डालें।
- इसे हफ्ते में 2-3 बार ही यूज करें। इससे कुछ ही दिनों में आपके गुलाब के पौधे में ढेरों फूल आने लगेंगे।

### इन बातों का रखें ख्याल

- इसके अलावा अपने गुलाब के पौधे की प्रूनिंग भी करें। पत्तों को काटते रहें। इससे फूलों की पैदावार बढ़ेगी।
- गुलाब के पौधे को अच्छी धूप की जरूरत होती है। सर्दियों में इसे धूप वाली जगह पर रखें।
- ध्यान रहे इसे जरूरत से ज्यादा पानी ना दें। मिट्टी सूखी हो, तभी पानी डालें।



# किताबों से दूर नहीं भागेंगे आपके बच्चे, इन तरीके से बनाएं उन्हें बुक लवर

**मोबाइल और इंटरनेट के इस जमाने में बच्चे किताबों से पढ़ाई कम ही करते हैं। ऐसे में हर पैरेंट्स चाहते हैं कि उनके बच्चे किताब से पढ़ें, क्योंकि फोन से स्टडी कम और ध्यान इधर-उधर ज्यादा भटकता है।**

आज के इस इंटरनेट दौर में बच्चे पढ़ाई के नाम पर लैपटॉप और मोबाइल का इस्तेमाल ज्यादा करने लगे हैं। इससे दिक्कत ये हो रही है कि स्टडी के अलावा भी बच्चे का दिमाग इधर-उधर भटक जाता है। मोबाइल पर कई ऐसे ऐड आते हैं, जो बच्चों को अट्रैक्ट करता है और वह उस लिंक पर क्लिक करके दूसरे वेबसाइट या वीडियो को देखने लगते हैं। ऐसी स्थिति में माता-पिता की परेशानी पढ़ने लगती है। हर पैरेंट्स को लगता है कि उनका बच्चा फोन से नहीं पढ़ पाता है और पढ़ाई के लिए किताब का होना बेहद जरुरी है। पर, बच्चों की किताबों से पढ़ाई की आदत कैसे लगाई जाए, ये आज हर पैरेंट्स के लिए किसी चैलेंज से कम नहीं है। अगर आपका बच्चा भी सिर्फ मोबाइल में लगा होता है और किताबों में कम इंट्रेस्ट दिखाता है, तो अब आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। दरअसल, एक रिपोर्ट में बताया गया है कि कैसे अपने बच्चो को आप बुक लवर बना सकती हैं। तो चलिए इस बारे में आगे विस्तार से जानते हैं।

### बच्चों के साथ आप भी पढ़ें बुक

एक रिपोर्ट के अनुसार, बच्चे वही करते हैं, जो आसपास के माहौल से सिखते हैं। ऐसे में अगर आप खुद मोबाइल का कम से कम इस्तेमाल करेंगे। इसकी जगह उनके सामने बुक पढ़कर उन्हें सुनाएं। ऐसा करने से धीरे-धीरे उन्हें भी किताबों में इंट्रेस्ट आएगा और वो बुक पढ़ना शुरू कर देंगे।

### सेट करें रीडिंग टाइम

बच्चों की आदतों में बदलाव लाने में रुटीन का अहम रोल होता है। ऐसे में, अगर आप उनकी रीडिंग टाइम को सेट कर देते हैं, तो वह खेल-कूद के बाद एक समय पर किताब पढ़ने के लिए भी बैठ सकता है। पर, इसके लिए जरूरी है कि आप अपने बच्चे के पास बैठे और उन्हें पढ़ाई करते हुए सुनें भी।

### फन करते हुए पढ़ाएं

अगर आप बच्चे पर पढ़ने के लिए ज्यादा प्रेशर डालेंगे, तो वो दबाव में आकर किताबों से दूर हो सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप उसे फन करते हुए किताबों को पढ़ाएं। इससे उनके अंदर किताब पढ़ने में दिलचस्पी आएगी।

### बच्चों के अनुसार करें किताबों का चुनाव

बच्चों में किताबों के प्रति इंट्रेस्ट जगाने के लिए जरूरी है कि आप उसके अनुसार ही बुक लाएं। यानी बहुत ज्यादा टेक्स्ट किताबें बच्चे नहीं पढ़ पाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि उनके बुक्स में अट्रैक्टिव ग्राफिक्स जरुर शामिल हों। ग्राफिक्स के बहाने ही कम से कम बच्चे बुक्स खोलकर जरुर पढ़ेंगे।

# कहीं आपकी बेटी भी तो नहीं रहती खोई-खोई सी? हो सकते हैं ये कारण

**अक्सर घरों में पेरेंट्स इतने व्यस्त होते हैं कि उनका ध्यान बेटियों पर थोड़ा कम जाता है। इस चक्कर में कई बार बेटी की परेशानियां भी नजर नहीं आती है। करियर या किसी और कारण से बेटियों के जीवन में दिक्कतें चल रही होती हैं, जिसका अंदाजा लगा पाना मुश्किल होता है।**

हर बच्चा अलग होता है और उसकी समस्याएं भी अलग हो सकती हैं। इसलिए अपनी बेटी की समस्याओं को समझने के लिए धैर्य और समझदारी से काम लें। अगर आपको लगता है कि आपकी बेटी को किसी पेशेवर की मदद की जरूरत है, तो बिना किसी देरी के एक मनोचिकित्सक से संपर्क कर सकते हैं, कयोंकि घर में उसका खोया-खोया सा रहना मां के लिए बहुत चिंता का विषय होता है। कई बार छोटी-छोटी बातें भी बेटी के मन पर गहरा असर डाल सकती हैं।

### बेटी के खोए-खोए रहने के हो सकते हैं ये कारण

बेटिपरीक्षाओं का तनाव, अच्छे नंबर लाने का दबाव, दोस्तों के साथ तुलना आदि। दोस्तों के दबाव में आना, सोशल मीडिया का अत्यधिक इस्तेमाल, बॉडी इमेज इश्यूज आदि कई सारी समस्याएं जीवन में चल रही होती हैं। शारीरिक और मानसिक बदलावों से जुड़ी उलझनें भी कई बार लोगों को परेशान करती हैं। किसी से प्यार हो जाना और उससे जुड़ी समस्याएं भी जीवन में चल रही होती हैं। डिप्रेशन, एंग्जाइटी, या कोई अन्य मानसिक व स्वास्थ्य समस्याएं आदि के कारण भी आपकी बीटिया परेशान रह सकती हैं।

### बेटी की काउंसलिंग कैसे करें?

**खुला माहौल बनाएं**- अपनी बेटी को ऐसा महसूस कराएं कि वह आपसे कुछ भी बिना डरे शेयर कर सकती है।

**बातों को ध्यान से सुनें**- बिना किसी रुकावट के अपनी बेटी की बात सुनें। उसे महसूस कराएं कि आप उसकी भावनाओं को समझती हैं। अपनी बेटी को समझने के लिए धैर्य रखें। जल्दबाजी में कोई फैसला न लें।

**सवाल पूछें**- धीरे-धीरे सवाल पूछकर अपनी बेटी की समस्याओं को समझने की कोशिश करें।

**उदाहरण देकर समझाएं**- अपनी जिंदगी के अनुभवों को साझा करके अपनी बेटी को समझाएं कि हर समस्या का समाधान होता है।

**सकारात्मक बातें करें**- अपनी बेटी की तारीफ करें और उसकी उपलब्धियों को मनाएं।

**साथ समय बिताएं**- अपनी बेटी के साथ समय बिताएं, उसकी पसंद की गतिविधियां करें।

**पेशेवर की मदद लें**- अगर समस्या गंभीर है तो किसी मनोचिकित्सक की मदद लें। सुनिश्चित करें कि आपकी बेटी स्वस्थ आहार ले रही है और पर्याप्त नींद ले रही है।





# एंब्रायडिड शॉल को स्टाइल करते समय इन छोटे-छोटे टिप्स को करें फॉलो

ठंड का मौसम आते ही हम अपने वार्डरोब को अपग्रेड कर लेते हैं। जैकेट्स और लॉन्ग कोट के अलावा शॉल हमारे लुक को एलीगेंट टच देते हैं। शॉल को किसी भी तरह के आउटफिट के साथ आसानी से पेयर किया जा सकता है, फिर चाहे वह एथनिक वियर हो या वेस्टर्न वियर। अगर आप शॉल में एक रॉयल लुक चाहती हैं तो एंब्रायडिड शॉल को स्टाइल किया जा सकता है। यह आपके लुक में चार-चांद लगा देता है। हालांकि, कई बार एंब्रायडिड शॉल को स्टाइल करना भी टफ टास्क लगता है। हो सकता है कि आपको यह समझ में ना आ रहा हो कि आप इसे किस आउटफिट के साथ पेयर करें या फिर शॉल को किस तरह ड्रेप किया जाए कि आपका लुक एकदम खास लगे। एंब्रायडिड शॉल को स्टाइल करने के लिए ढेरों तरीके हैं, बस आपको इसे स्टाइल करते समय कुछ छोटे-छोटे टिप्स पर फोकस करना चाहिए, जिसके बारे में आज हम आपको इस लेख में बता रहे हैं-

### प्लेन आउटफिट के साथ करें पेयर

अगर आप एंब्रायडिड शॉल को ही अपने लुक में हाइलाइट करना चाहती हैं तो ऐसे में आप उसे प्लेन आउटफिट के साथ पेयर करें। आप इसे प्लेन कुर्ता, मोनोटोन साड़ी या सिंपल ड्रेस के साथ पहन सकती हैं। जब आप इस लुक को कैरी कर रही हैं तो ऐसे रंग का बेस आउटफिट चुनें जो आपके शॉल पर की गई कढ़ाई से मेल खाता हो। मसलन, गोल्ड एंब्रायडरी के ब्लैक शॉल को व्हाइट या बेज कलर की ड्रेस के साथ पेयर किया जा सकता है।

### मोनोक्रोम लुक करें कैरी

एंब्रायडिड शॉल को स्टाइल करते हुए आप मोनोक्रोम लुक कैरी कर सकती है। सिंगल कलर पैलेट लुक देखने में बेहद ही एलीगेंट लगता है। इसके लिए आप अपने शॉल को उसी कलर फैमिली के आउटफिट के साथ पहनें। उदाहरण के लिए, अगर आपके शॉल में पिंक एंब्रायडरी है, तो इसे ब्लश-पिंक कुर्ता और प्लाजो के साथ पेयर करके देखें।

### ड्रेपिंग स्टाइल के साथ हों एक्सपेरिमेंटल

जब आप एंब्रायडिड शॉल को स्टाइल कर रही हैं और एक डिफरेंट लुक चाहती हैं तो ऐसे में आप ड्रेपिंग स्टाइल के साथ एक्सपेरिमेंटल हों। मसलन आप इसे कंधे पर कैजुअली पहन सकती हैं या फिर इसे दोनों कंधों पर लपेटें। इसके अलावा, एंब्रायडिड शॉल को बेल्ट के साथ भी स्टाइल किया जा सकता है। मसलन, आप इसे अपने कंधों पर लपेटें और कमर पर एक पतली बेल्ट से सुरक्षित करें। इसी तरह, वन-साइड रैप लुक भी काफी ट्रेंडी दिखता है।

### स्मार्टली चुनें एक्सेसरीज

एंब्रायडिड शॉल में एक परफेक्ट टच पाने के लिए आपको एक्सेसरीज को भी स्मार्टली चुनना चाहिए। मसलन, आप ज्वेलरी के साथ मिनिमल रहें। सिंपल स्टड या स्लीक ब्रेसलेट शॉल में आपके लुक को कॉम्पलीमेंट करेंगे। इसके अलावा, आपको न्यूट्रल टोन में क्लच या हैंडबैग को कैरी करना चाहिए, ताकि वाइब्रेंट एम्ब्रॉयडरी लुक को बैलेंस किया जा सके।



# क्रिसमस पार्टी में नजर आएंगी सबसे अलग जब स्टाइल करेंगी ये लॉन्ग ड्रेसेस

क्रिसमस के मौके कई सारी जगहों पर पार्टी का आयोजन होता है और इस खास मौके पर महिलाएं स्टाइलिश आउटफिट का चुनाव करती हैं। वहीं अगर आप इस मौके पर सबसे अलग नजर आना चाहती हैं तो आप ये लॉन्ग ड्रेस में स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस जहां न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है तो हैं इस ड्रेस में आप खूबसूरत भी नजर आएंगी।

### जॉर्जेट मैक्सी ड्रेस

अगर आप लाइट कलर में कुछ पहनना चाहती हैं तो आप इस तरह की ड्रेस का चुनाव का कर सकती हैं। यह ड्रेस जॉर्जेट फैब्रिक में है और यह वी नेक डिजाइन और लॉन्ग स्लीव्स में आती है। यह ड्रेस न्यू डिजाइन में है और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है। इस ड्रेस आप ऑनलाइन और ऑफलाइन 1,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस ड्रेस के साथ आप ब्यूटीफुल डिजाइन वाले फ्लैट्स या हील्स पहन सकती हैं साथ ही ज्वेलरी में आप इयरिंग्स वियर कर सकती हैं। क्रिसमस के मौके पर स्टाइलिश लुक पाने आप इस तरह के स्लिट कट स्टाइल वाले जॉर्जेट मैक्सी ड्रेस का भी चुनाव कर सकती हैं।

### प्रिंट मैक्सी ड्रेस

रॉयल लुक के लिए आप इस तरह के प्रिंट वाली मैक्सी ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। यह ड्रेस न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस ड्रेस में आप बेहद ही खूबसूरत नजर आएंगी। इस ड्रेस को आप ऑनलाइन या ऑफलाइन 2,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस ड्रेस के साथ आप फ्लैट्स और ज्वेलरी में सिंपल नेकलेस वियर कर सकती हैं। अगर आप क्रिसमस पार्टी में न्यू लुक चाहती हैं तो आप इस तरह की ब्लू कलर की ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। यह ड्रेस जहां न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है तो वहीं इस ड्रेस में आपका लुक रॉयल नजर आएगा।

### फ्लोरल मैक्सी ड्रेस

अगर आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं तो आप इस तरह की फ्लोरल मैक्सी ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। यह ड्रेस फ्लोरल पैटर्न में है और इस ड्रेस में आपका लुक सबसे अलग नजर आएगा। इस ड्रेस को आप कई कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ खरीद सकती हैं जो कि आपको 2,000 से कम कीमत में मिल जाएंगी  इस ड्रेस के साथ आप लॉन्ग इयरिंग्स वियर कर सकती हैं।



## जल्द ही टीवी पर वापसी करेंगी दीपिका कक्कड़

**दीपिका कक्कड़ टीवी सीरियल 'ससुराल सिमर का' के जरिए दर्शकों के बीच मशहूर हुई थी। इसके अलावा भी उन्होंने कई हिट टीवी सीरियल्स में काम किया। टीवी एक्टर शोएब इब्राहिम से शादी के बाद वह अपनी फैमिली लाइफ में व्यस्त हो गई। उनका एक छोटा बेटा भी है, जिसकी परवरिश में वह अपना पूरा समय देती हैं। लेकिन टीवी सीरियल में काम ना करने के बावजूद भी वह लाइमलाइट में बनी रहती हैं।**

### दीपिका का व्लॉग चैनल है पॉपुलर

दीपिका टीवी सीरियल में एक्टिव ना होने के बावजूद भी, दर्शकों के बीच अपनी जगह बनाए हुए हैं। दरअसल, वह अपना एक व्लॉग चैनल यूट्यूब पर चलाती हैं। इस चैनल का नाम 'दीपिका की दुनिया' है। इसमें वह अपने हर दिन का हाल दर्शकों के साथ साझा करती हैं। उनके इस चैनल पर लगभग 3 मिलियन फॉलोअर हैं।

हाल ही में अपने व्लॉगिंग चैनल पर ही दीपिका कक्कड़ ने बताया कि वह जल्द ही एक दर्शकों को एक खास प्रोजेक्ट में नजर आएंगी। इसी व्लॉग में वह शूटिंग वाली जगह पर भी नजर आईं। शूटिंग पर उनका बेटा भी साथ में मौजूद था। दीपिका ने कहा कि वह जल्द ही बताएंगी कि किस प्रोजेक्ट का हिस्सा बन रही हैं।

### ट्रोलिंग का भी होती हैं शिकार

दीपिका के यूट्यूब चैनल पर अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है लेकिन उन्हें अकसर ट्रोलिंग का शिकार भी होना पड़ता है। अकसर कुछ सोशल मीडिया यूजर्स दीपिका कक्कड़ और उनके पति शोएब इब्राहिम को उनके रहन-सहन और पहनावे को लेकर ट्रोल कर देते हैं। कई यूजर्स तो दीपिका को इसलिए भी ट्रोल करते हैं कि उन्होंने परिवार की देखभाल के लिए करियर से ब्रेक ले लिया है। इस ट्रोलिंग पर दीपिका भी चुप नहीं रहती हैं, वह बुरी बातें बोलने वाले लोगों को अपने व्लॉगिंग चैनल के जरिए ही मुंहतोड़ जवाब देती हैं।



# रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ छुट्टियां मना रहीं तृप्ति डिमरी?

साल 2024 की सनसनी रही अभिनेत्री तृप्ति डिमरी को अक्सर अपने रुमर्ड बॉयफ्रेंड सैम मर्चेंट के साथ स्पॉट किया जाता है। दोनों कभी लंच डेट पर नजर आते है और कभी बाइक राइड का आनंद उठाते हुए। हाल ही में दोनों ने यूके कॉट्सवोल्ड्स से छुट्टियों की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। हालांकि, दोनों ने साथ में तस्वीरें पोस्ट नहीं की, लेकिन तस्वीरें में एक जैसी लोकेशन ने प्रशंसकों को यह अनुमान लगाने पर मजबूर कर दिया कि दोनों साथ में छुट्टियां मना रहे हैं।

### छुट्टियों का आनंद लेते नजर आईं तृप्ति

तृप्ति डिमरी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कई तस्वीरें साझा की। एक तस्वीर में वह बकरियों को खिलाती हुई नजर आ रही हैं। दूसरी तस्वीर में वह हॉट चॉकलेट का आनंद ले रही हैं। एक अन्य तस्वीर में वह रेस्टोरेंट में पोज दे रही हैं।

वहीं, सैम मर्चेंट ने भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर उसी तरह की बकरी को खिलाते नजर आ रहे हैं। सैम ने भी उसी टेबल की तस्वीर पोस्ट की, जिस पर तृप्ति ने बैठकर तस्वीर खिंचवाई थी। सैम ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर भी बकरियों को खाना खिलाते हुए अपनी वही तस्वीर शेयर की, जिससे यह अनुमान और भी बढ़ गया कि दोनों साथ में छुट्टियां मना रहे हैं। वहीं, एक अन्य तस्वीर में मर्चेंट को सर्दियों के कपड़े पहने हुए और हाथ में ड्रिंक लिए हुए सेल्फी लेते हुए देखा जा सकता है। दोनों के सोशल मीडिया पर एक जैसी तस्वीरें दिखने से उनके डेटिंग की अफवाहों को जोर मिलता है। हालांकि, दोनों ने अपने डेटिंग की अफवाहों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### तृप्ति डिमरी का वर्क फ्रंट

अभिनेत्री के वर्क फ्रंट की बात करें तो साल 2024 उनके लिए एक सफल साल रहा। उनकी आगामी फिल्म विशाल भारद्वाज की 'अर्जुन उस्तरा' है। फिल्म में शाहिद कपूर मुख्य भूमिका में होंगे, जिसकी शूटिंग 6 जनवरी, 2025 से शुरू होने वाली है। इसके अलावा वह धर्मा प्रोडक्शंस की 'धड़क 2' में नजर आएंगी। अभिनेत्री रणबीर कपूर के साथ 'एनिमल पार्क' में दिखाई देंगी।



# इस दिन से शुरू होगी रजनीकांत की जेलर 2 की शूटिंग

सुपरस्टार रजनीकांत ने 2023 में ब्लॉकबस्टर फिल्म जेलर के लिए फिल्म निर्माता नेल्सन दिलीपकुमार के साथ मिलकर काम किया था। इस फिल्म में दिग्गज अभिनेता ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जो तमिल सिनेमा की अब तक की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक बन गई। सुपरस्टार रजनीकांत वर्तमान में लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित अपनी अगली फिल्म कुली पर काम कर रहे हैं, जिसे 2025 में रिलीज किया जाना है। वहीं, अब फिल्म की शूटिंग को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है।

### फिल्म की शूटिंग

फिल्म को लेकर ताजा जानकारी सामने आई है कि रजनीकांत अगले साल मार्च में जेलर 2 की शूटिंग शुरू करेंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, रजनीकांत- नेल्सन दिलीपकुमार की फिल्म अगले साल की शुरुआत में फ्लोर पर आएगी। 2023 की ब्लॉकबस्टर जेलर का सीक्वल सुपरस्टार और निर्देशक के बीच दूसरा सहयोग है।

### फिल्म में रजनीकांत का किरदार

सीक्वल को लेकर चर्चा काफी समय से चल रही है। जल्द ही आधिकारिक अपडेट मिलने की उम्मीद है। जेलर नाम की पहली फिल्म में रजनीकांत को एक रिटायर्ड पुलिस अधिकारी के रूप में दिखाया गया था, जो शांत जीवन जी रहा था। हालांकि, जब उसके पुलिस अधिकारी बेटे का अपहरण कर लिया जाता है और उसे मृत मान लिया जाता है तो उसकी दुनिया उलट जाती है, जिससे वह उन लोगों के खिलाफ बदला लेने की होड़ में लग जाता है, जिन पर उसे संदेह है।

### फिल्म की कहानी और कलाकार

फिल्म बदले की कहानी पर आधारित होने के बावजूद धीरे-धीरे डकैती की कहानी में बदल जाती है, जिसमें सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी के शुरुआती दिनों की भी झलक मिलती है। रजनीकांत के अलावा जेलर में विनायकन, राम्या कृष्णन, तमन्ना भाटिया, वसंत रवि, मिर्ना मेनन, योगी बाबू और अन्य कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में थे। फिल्म में मोहनलाल, शिव राजकुमार और जैकी श्रॉफ जैसे सितारों की कैमियो भूमिकाएं भी शामिल थीं।

### रजनीकांत का वर्कफ्रंट

वहीं, रजनीकांत रजनीकांत को आखिरी बार टीजे ज्ञानवेल द्वारा निर्देशित वेट्टैयन में देखा गया था। फिलहाल रजनीकांत निर्देशक लोकेश कनगराज के साथ कुली फिल्म कर रहे हैं। एक्शन थ्रिलर में प्रभावशाली कलाकारों की टोली है, जिसमें नागार्जुन अक्किनेनी, उपेंद्र, सौबिन शाहिर, श्रुति हासन और अन्य शामिल हैं।

# पहले एड फिल्म नहीं मिलती थी, अब ऋचा चड्ढा खुद मना करती हैं ब्रॉन्ड को?

हाल ही में ऋचा चड्ढा और अली फजल के प्रोडक्शन हाउस की फिल्म गर्ल्स विल बी गर्ल्स ओटीटी पर रिलीज हुई। इस फिल्म को लेकर ऋचा और अली कई इंटरव्यू दे चुके हैं। हाल ही में मैशबेल इंडिया के एक यूट्यूब शो पर भी दोनों नजर आए। इस दौरान करियर, पर्सनल लाइफ से जुड़ी बातचीत भी ऋचा ने की। इसी इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि करियर के शुरुआती दौर में उनको एड फिल्म्स नहीं मिलते थे। लेकिन अब जब एड फिल्म, ब्रॉन्ड्स का प्रमोशन मिलता है तो वह कुछ खास एड, ब्रॉन्ड्स को करने से मना कर देती हैं।

### क्यों नहीं करतीं कुछ ब्रॉन्ड्स का प्रमोशन

ऋचा इंटरव्यू में कहती हैं, 'करियर के शुरुआत में तो एड फिल्म, ब्रॉन्ड प्रमोशन कम ही मिलता था, लेकिन अब जब यह सब करने को मिलता है तो मैं ही मना कर देती हूं। दरअसल, मैं फेयरनेस क्रीम जैसे प्रोडक्ट्स को बिल्कुल भी प्रमोट नहीं करती हूं, इसलिए ऐसे एड, ब्रॉन्ड्स को मना कर देती हूं।'

### मां बनने की जिम्मेदारी निभा रही हैं

कुछ समय पहले ही ऋचा और अली फजल माता-पिता बने हैं। बेटी की परवरिश करना बिल्कुल भी आसान काम नहीं है, इस बारे में भी दोनों बताते हैं। ऋचा ने भी कुछ दिन पहले एक इंटरव्यू में कहा था कि वह चाहती हैं कि जब बेटी बड़ी हो तो उनके साथ एक दोस्त की तरह रिश्ता रखे।

### ऋचा की आने वाली फिल्म

प्रोड्यूसर के तौर पर ऋचा एक्टिव हो चुकी हैं, लेकिन अगले साल वह एक फिल्म में एक्टिंग करती हुई भी नजर आएंगी। फिल्म 'अभी तो पार्टी शुरू हुई है' में ऋचा अलग तरह का किरदार करने वाली हैं। ऋचा चड्ढा ने अपने करियर में अलग तरह के किरदार फिल्मों में किए हैं, फुकरे फिल्म में उनका निभाया भोली पंजाबन का किरदार लोगों को खूब पसंद आया था। आज भी दर्शक उन्हें इसी नाम और किरदार से ज्यादा पहचानते हैं।



# गर्ल्स विल बी गर्ल्स के मुरीद हुए राजकुमार राव, जमकर की तारीफ

ऋचा चड्ढा और अली फजल द्वारा निर्मित गर्ल्स विल बी गर्ल्स को फैंस के साथ सितारों की भी तारीफें मिल रही हैं। ऋतिक रोशन, प्रियंका चोपड़ा और दीया मिर्जा के बाद अब राजकुमार राव भी इस सूची में शामिल हो गए हैं। राजकुमार राव ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर गर्ल्स विल बी गर्ल्स का पोस्टर शेयर किया और तारीफ की। उन्होंने लिखा- यह एक बहुत ही खूबसूरत, आने वाली उम्र की फिल्म है, जिसे हमारी अपनी ऋचा चड्ढा और अली फजल ने प्रोड्यूस किया है। आप दोनों को बहुत शक्ति मिले, यह फिल्म लंबे समय तक आपके साथ रहेगी, गर्ल्स विल बी गर्ल्स के लिए शुचि तलाती को बधाई। उन्होंने आगे कहा- कनी कुसरुति, प्रीति पाणिग्रही और केसव बिनॉय किरण को आप सभी ने बेहतरीन अभिनय किया है।





# क्या शादी के बाद अभिनय की दुनिया छोड़ देंगी कीर्ति सुरेश? शुरू हुई ब्रेक लेने की अफवाह

कीर्ति सुरेश इन दिनों खबरों में हैं। दिलचस्प बात है कि इसकी वजह एक तरफ उनकी निजी जिंदगी भी है तो प्रोफेशनल फ्रंट पर भी वे कमाल कर रही हैं। दरअसल, हाल ही में अभिनेत्री ने एंटनी थाटिल से शादी रचाकर नई जिंदगी शुरू की है। इसके साथ-साथ फिल्म बेबी जॉन से वे बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं। करियर के उम्दा मोड़ पर अचानक खबरें आ रही हैं कि कीर्ति सुरेश अभिनय की दुनिया को अलविदा कहने वाली हैं।

### क्या इंडस्ट्री से जाएंगी दूर?

मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसी फवाहें चल रही हैं कि कीर्ति सुरेश फिल्मों से ब्रेक लेने की तैयारी कर रही हैं। अब जबकि वे अपने करियर के शानदार मुकाम पर हैं, साउथ के बाद हिंदी सिनेमा में कदम रख रही हैं तो अचानक उनके ब्रेक लेने की खबरें शुरू हो गई हैं। सोशल मीडिया पर कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या आने वाले वक्त में कीर्ति इंडस्ट्री से दूर हो जाएंगी?

### इस वजह से लगाई जा रहीं अटकलें

अभिनेत्री के ब्रेक लेने की अफवाहें इसलिए शुरू हुई हैं क्योंकि उनके पास फिलहाल सिर्फ दो ही फिल्में हैं। एक- रिवॉल्वर रीटा और दूसरी कन्निवेदी। ऐसे में फैंस को लग रहा है कि उन्होंने कोई और फिल्म साइन नहीं की है। ऐसे में अटकलें लग रही हैं कि शादी के बाद वे करियर पर विराम तो नहीं लगा रहीं?

अपने करियर को लेकर चल रही अफवाहों पर कीर्ति सुरेश ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। बात करें बेबी जॉन की तो इसमें कीर्ति के साथ वरुण धवन नजर आएंगे। फिल्म को एटली प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह फिल्म क्रिसमस के अवसर पर 25 दिसंबर 2024 को रिलीज होगी।

# अहसास चन्ना नेने बताया क्यों निभाए मेल किरदार

अहसास चन्ना ने हाल ही में मनोरंजन उद्योग में बाल कलाकार के रूप में लड़के की भूमिका निभाने पर अपने विचार साझा किए। अभिनेत्री ने बताया कि यह उन्होंने नहीं चुना था बल्कि परिस्थितियों की वजह से ऐसा हो गया था। अभिनेत्री ने कहा कि लड़के की भूमिका निभाना एक जानबूझकर किया गया विकल्प नहीं था, बल्कि परिस्थितियों का परिणाम था। अभिनेत्री ने बताया कि जब वह चार साल की थी, तब उनकी मां ने उन्हें 'वास्तु शास्त्र' में एक लड़के की भूमिका निभाने के लिए राजी किया। फिल्म हिट होने के बाद उन्हें इंडस्ट्री में पहचान मिली और वह 'कभी अलविदा ना कहना' में नजर आईं। अभिनेत्री ने बताया कि लड़के की भूमिका ने उन्हें कभी प्रभावित नहीं किया, वह जानती थीं कि अभिनय उनके जीवन का एक हिस्सा है। अभिनेत्री स्कूल और काम के बीच में संतुलन बैठाती थीं। हालांकि, कभी 'अलविदा ना कहना' के बाद उनकी मां ने उनसे कहा कि वह अब लड़के की भूमिका निभाना बंद कर दें।



# दक्षिण पूर्व क्षेत्र युवा महोत्सव में मानु थियेटर टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हैदराबाद (एजन्सी),**

---------------------------

मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय (मानु) के छात्रों ने बैंगलोर के क्राइस्ट विश्वविद्यालय में एसोसिएशन ऑफ़ इंडियन यूनिवर्सिटीज़ (AIU) द्वारा आयोजित 38वें दक्षिण पूर्व क्षेत्र युवा महोत्सव में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। तेलंगाना, कर्नाटक और छत्तीसगढ़ के अग्रणी विश्वविद्यालयों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए,(मानु) के छात्रों ने माइम प्रतियोगिता में दूसरा पुरस्कार और नाटक प्रतियोगिता में तीसरा पुरस्कार



जीतकर असाधारण प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

माइम प्रतियोगिता ने मानु टीम की बिना शब्दों के शक्तिशाली संदेश देने की क्षमता को उजागर किया, जो केवल भावों और आंदोलनों पर निर्भर करता है। नाटक प्रतियोगिता में, टीम ने एक बार फिर अपनी सम्मोहक कथा, कुशल अभिनय और प्रभावशाली निर्देशन से प्रभावित किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने मानु टीम को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में स्थान दिलाया है, जो नोएडा के एमिटी विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा।

मानु के कुलपति, संकाय सदस्यों और छात्रों ने थिएटर टीम की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने कहा, "यह सफलता हमारे छात्रों की कड़ी मेहनत, समर्पण और रचनात्मक उत्कृष्टता का प्रमाण है। हम उन्हें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए शुभकामनाएं देते हैं।



**हैदराबाद ( एजन्सी),** मल्लापुर स्थित चिल्कानगर सिन्दडा परिवार द्वारा कार्यक्रम में अतिथियों के सम्मान समारोह कार्यक्रम में उपस्थित आयोजक तुलसाराम सिन्दडा सीरवी समाज पारसी गुटा बडेर अध्यक्ष मोहनलाल हाम्बड़, सीरवी समाज कोरेमुला बडेर अध्यक्ष कालुराम काग, संरक्षक प्रभुराम परिहारिया, सीरवी समाज मल्लापुर बडेर सचिव ओकाराम, ओमप्रकाश पंवार, मोहनलाल सानपुरा,राजुराम बर्फा, गोपाराम मुलेवा, दुर्गाप्रसाद हाम्बड़, प्रकाश, नारायण लाल हाम्बड़, ओमप्रकाश काग, शेषाराम पंवार , प्रकाश , हनुमान,पवन कुमार हाम्बड़, बालकिशन सांखला, बाबूलाल मुलेवा,समाज बन्धु उपस्थित थे।

# बहुउद्देशीय पार्क का नाम डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम रखा जाए

**करीमनगर (एजन्सी),**

-----------------------------------

करीमनगर नगर निगम की एमआईएम पार्टी सह विकल्प सदस्य राफिया सुल्ताना ने शहर के मुकरमपुरा इलाके में आधुनिक स्पर्श के साथ बनाए गए बहुउद्देशीय पार्क का नाम भारत के दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम पार्क रखने के लिए जिलाधीश और नगर निगम आयुक्त को सार्वजनिक रूप से एक याचिका सौंपी।

उन्होंने कहा कि मल्टीपरपज पार्क जल्द ही शुरू होने जा रहा है और उस पार्क को भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जो वैज्ञानिक थे जिन्होंने देश को कई वैज्ञानिक उपकरण दिए का नाम रखे जाने से आने वाली



पीढ़ियों को पता चलेगा कि उनकी सेवाओं से देश को कितना लाभ हुआ है।

उन्होंने कहा कि बहुउद्देशीय पार्क का नाम अबुल कलाम रखने से किसी भी पार्टी को कोई आपत्ती नहीं होगी और सभी पक्षों को स्वीकार्य होगा। उन्होंने जिलाधीश और नगर निगम आयुक्त से बहुउद्देशीय पार्क का नाम भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर रखने की पहल करने का अनुरोध किया।

# माँ दुर्गा की कृपा संस्था चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयुष्मान भारत के कार्ड हेतु कैम्प आयोजित



**हैदराबाद (एजन्सी),**

---------------------------

माँ दुर्गा की कृपा संस्था चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पिछले शनिवार को भारत सरकार द्वारा घोषित प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए 5 लाख तक की मुफ्त स्वास्थ्य लाभ योजना हेतु कार्ड बनवाए गए थे जिसकी अभूत पूर्व सफलता को देखते हुए ट्रस्ट के कार्यालय घाँसी बाज़ार में कैम्प का आयोजन किया गया दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक 25 आयुष्मान कार्ड बनवाए गए । ट्रस्ट के प्रचार व प्रसार संयोजक मुकुंद लाल अग्रवाल ने प्रेस विज्ञप्ति द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि करीब 10 कार्ड ऐसे बनाए गए जिसमें आंध्र प्रदेश के स्थान पर तेलंगाना करना था तथा 10 कार्ड जो रजिस्टर हो चुके थे उनके कार्ड डाउन लोड कर लाभार्थियों के मोबाइल पर भेज दिए गए । जन मानस की सुविधा हेतु यह सेवा रोज़ाना माँ दुर्गा की कृपा संस्था के कार्यालय घाँसी बाज़ार में 1 बजे से 3 बजे तक निशुल्क उपलब्ध रहेगी अधिक जानकारी हेतु मुकुंद लाल अग्रवाल 9396222880, विनय किशोर तायल 7032412688, एडवोकेट हेमा मालिनी तायल 9246364212 से संपर्क किया जा सकता है हमारे शहर में कौन से हॉस्पिटल में यह सुविधा उपलब्ध है उसकी लिस्ट भी उपलब्ध है जिनको चाहिए कार्यक्रम से संयोजक से संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। कैम्प में ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी विनय किशोर तायल, एडवोकेट हेमा मालिनी तायल, कार्यक्रम के संयोजक मुकुंद लाल अग्रवाल, ट्रस्ट के अन्य सदस्य गोवर्धन दास अग्रवाल, अविनाश गुप्ता, शारदा अग्रवाल, नम्रता अग्रवाल आदि ने अपनी सेवाएँ प्रदान करी।

# श्री नाकोड़ा भैरव परिवार हैदराबाद सिकंदराबाद द्वारा द्वारा रक्तदान शिविर

**हैदराबाद (एजन्सी)**

-----------------------------

,श्री नाकोड़ा भैरव परिवार हैदराबाद सिकंदराबाद द्वारा द्वारा रक्तदान शिविर श्री नाकोड़ा भैरव भक्ति संध्या में मारवाड़ी युवा मंच पर्ल महिला शाखा द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया।

शाखा मंत्री शीतल जैन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार शाखा अध्यक्षा रक्षा जैन की अध्यक्षता में आज के इस भजन संध्या में मारवाड़ी युवा मंच पर्ल महिला शाखा



सिकंदराबाद द्वारा रक्तदान जागरूकता के लिए रक्तदान शिविर लगाया गया था! जिसमें कुल 55 रक्तवीर रक्तविरंगनाओ ने अपना रक्तदान किया ! सभी रक्तवीर रक्तविरंगनाओ को मंच की और से प्रशस्ति पत्र एवं कप देकर सम्मानित किया गया । रक्तदान शिविर में पधारे अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के डायरेक्टर युवा सुरेश एम जैन , जैन सेवा संघ के अध्यक्ष श्री योगेश जी जैन , आंध्रप्रदेश तेलंगाना प्रांत के सचिव युवा मनीष नाहर,रक्तदान संयोजक युवा मनोज जैन , सिकंदराबाद शाखा के पूर्व अध्यक्ष युवा पप्पू कुमार गोडेला, वरिष्ठ सदस्य नारायण लाल चावड़ा , युवा राजेश व्यास का शॉल , गलपट्टा से स्वागत किया गया ! इस कार्यक्रम को सफल बनाने में निवर्तमान अध्यक्ष वर्षा मखाना, मंचू विनायकिया, सह मंत्री शशि नहर, कोषाध्यक्ष सुमन घोड़ेला, सुनीता डूंगरवाल मीना दुग्गड, संतोष गुजरानी, मंजू घोड़ेला, सुगना घोड़ेला मंजू गांधी, बबीता घोड़ेला,दिव्या घोडेला, पुष्पा कोठारी, रिद्धि बोहरा,भव्य बोहरा, सिद्धि बोहरा का सारणी योगदान रहा। रक्तदान संयोजिका पूनम बोहरा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की 43वीं तिमाही समीक्षा बैठक संपन्न

**हैदराबाद (एजन्सी),**

-------------------------------

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी), तेलंगाना ने सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही के लिए तेलंगाना राज्य में बैंकों के प्रदर्शन की समीक्षा करने के लिए महात्मा ज्योतिराव फुले प्रजा भवन, हैदराबाद में अपनी 43वीं तिमाही समीक्षा बैठक बुलाई है। बैठक में मंत्री भट्टी विक्रमार्क मल्लू , तुम्माला नागेश्वर राव , विशेष मुख्य सचिव (वित्त), के रामकृष्ण राव, डॉ. बी गोपी, कृषि निदेशक, कमल प्रसाद पटनायक, क्षेत्रीय निदेशक, आरबीआई, हैदराबाद , उदय भास्कर, सीजीएम, नाबार्ड, हैदराबाद, राजेश कुमार, सीजीएम, एसबीआई, हैदराबाद सर्कल, प्रकाश चंद्र बरोर, जीएम, एसबीआई और संयोजक, एसएलबीसी, तेलंगाना, भारत सरकार के तेलंगाना सरकार के लाइन विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, निजी क्षेत्र के बैंकों, आरआरबी, एसएफबी, भुगतान बैंकों के अधिकारी, विभिन्न कृषि और एमएसएमई संघों के प्रतिनिधि उपस्थीत थे। राजेश कुमार, सीजीएम, एसबीआई, हैदराबाद सर्कल ने सितंबर 2024 तिमाही के दौरान तेलंगाना में बैंकों का प्रदर्शन प्रस्तुत किया, जिसमें वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान अब तक बैंकों की कुल जमा राशि में 23,312 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। और कुल जमा राशि 8,03,265 करोड़ रुपये रही।




बैंकों के पास कुल अग्रिम राशि में 42,800 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई तथा सभी बैंकों के अग्रिम राशि 10,21,858 करोड़ रुपये हो गई। तिमाही के अंत तक सीडी अनुपात 100 प्रतिशत से अधिक बना हुआ है तथा यह 127.21 प्रतिशत पर बना हुआ है। पहली दो तिमाहियों के दौरान बैंकों ने 44,438 करोड़ रुपये के अल्पावधि उत्पादन ऋण वितरित किए हैं, जो खरीफ लक्ष्य का 81.57 प्रतिशत है। बैंकों ने कृषि संबद्ध, कृषि अवसंरचना तथा कृषि सहायक गतिविधियों के लिए निवेश ऋण के रूप में 82,632 करोड़ रुपये वितरित किए हैं, जो लक्ष्य का 71.40 प्रतिशत है। चालू वित्त वर्ष में अब तक बैंकों ने प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत 376 करोड़ रुपये के शिक्षा ऋण तथा 1851 करोड़ रुपये के आवास ऋण वितरित किए हैं। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) खंड के लिए बैंकों ने 79,659 करोड़ रुपये वितरित किए हैं, जो लक्ष्य का 61.45% है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत बैंकों ने 5328 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं, जो वार्षिक लक्ष्य का 41.16% है। बैंकों ने मिलकर प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न वर्गों के उधारकर्ताओं को 1,66,687 करोड़ रुपये वितरित किए हैं, जो लक्ष्य का 63.58% है। वित्तीय समावेशन के मोर्चे पर; क) वित्तीय सेवा विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, राज्य में कोई भी बैंकिंग सुविधा रहित ग्रामीण केंद्र नहीं है। b) राज्य में बैंकों के पास 121.52 लाख PMJDY खाते हैं और 98.76 लाख यानी 81.27% PMJDY खाते आधार से जुड़े हैं। 87.86 लाख यानी 72.30% PMJDY खातों को RuPay कार्ड जारी किए गए हैं। c) जहां तक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का सवाल है, बैंकों ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY) के तहत 174.71 लाख ग्राहकों और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY) के तहत 78.61 लाख ग्राहकों को कवर किया है। 20.55 लाख ग्राहकों ने अटल पेंशन योजना के लिए सदस्यता ली है। d) पीएम स्वनिधि योजना 1 के तहत, बैंकों ने 4,25,567 आवेदनों को मंजूरी दी है और 4,22,603 स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण वितरित किए हैं। दूसरे चरण के तहत बैंकों ने 2,16,402 आवेदनों को मंजूरी दी है और 2,10,890 स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण वितरित किए हैं। तीसरे चरण के तहत बैंकों ने 67,081 आवेदनों को मंजूरी दी है और 60,486 वितरित किए हैं। कृषि अवसंरचना निधि के तहत बैंकों ने अब तक 3200 करोड़ रुपये के संचयी लक्ष्य के मुकाबले 2864 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इस अवसर पर बोलते हुए कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने कृषि और संबद्ध गतिविधियों के तहत वित्त वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित लक्ष्यों को पार करने पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कृषि अर्थव्यवस्था के विकास पर ध्यान केंद्रित करने में बैंकों से सहयोग मांगा। इसके अलावा उन्होंने बैंकों से कृषक समुदाय को समय पर ऋण वितरित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने की अपील की। भट्टी विक्रमार्क मल्लू, उपमुख्यमंत्री ने विभिन्न लक्ष्यों को प्राप्त करने में बैंकों के प्रयासों की सराहना करते हुए बैंकों से कृषि, कमजोर वर्गों और स्वयं सहायता समूहों को ऋण देने पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की मांग की। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि अधिक से अधिक सूक्ष्म उद्यमों को ऋण से जोड़ा जाना चाहिए, जिससे परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव आएगा। प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के दृष्टिकोण से, उन्होंने बैंकों को सलाह दी कि वे कमजोर वर्गों को कृषि, आवास और शिक्षा ऋण पर विशेष ध्यान देने के साथ प्राथमिकता क्षेत्र ऋण में अधिक जोखिम उठाएं।

उन्होंने बैंकों को राज्य के सामाजिक विकास में भागीदारी करने के लिए राज्य सरकार से सभी आवश्यक समर्थन देने का आश्वासन दिया। उन्होंने सभी बैंकों से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार की एक अन्य प्रमुख योजना “इंदिरा महिला शक्ति योजना” को सभी आवश्यक समर्थन देने की अपील की।इस अवसर पर बोलते हुए, विशेष मुख्य सचिव (वित्त) के रामकृष्ण राव ने राज्य में 127% से अधिक के सीडी अनुपात पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों की तुलना में राज्य में किसानों की प्रति व्यक्ति आय कम होने पर चिंता व्यक्त की और बैंकों से किसानों की आय बढ़ाने के लिए रचनात्मक रणनीति बनाने की अपील की। इस दिशा में, उन्होंने बैंकों को उनकी आय के स्तर को बढ़ाने के लिए तेल, ताड़, बागवानी, डेयरी आदि जैसी संबद्ध गतिविधियों के वित्तपोषण पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अलावा, उन्होंने राज्य में बढ़ते साइबर अपराधों के मद्देनजर आम जनता के बीच अधिक जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता पर बल दिया। अंत में, उन्होंने बैंकों से ग्रामीण युवाओं के कौशल विकास पर अधिक ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया, ताकि रोजगार सृजन प्रभावी ढंग से हो सके। इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक कमल प्रसाद पटनायक और नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक उदय भास्कर ने भी अपने विचार रखे। बैठक का समापन एसबीआई के महाप्रबंधक एवं एसएलबीसी, तेलंगाना के संयोजक प्रकाश चंद्र बरोर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# परीलोक -आधुनिक विचारो का सशक्त महिला मंच की मासिक सभा संपन्न



**हैदराबाद (एजन्सी),**

---------------------------

परीलोक -आधुनिक विचारो का सशक्त महिला मंच की मासिक सभा होटल नातचीतोचेस बंजारा हिल्स हैदराबाद में आयोजित की गई/सभा में सर्दी का सितम कार्यक्रम के आयोजन पर सभी सदस्यों का अभिनन्दन किया गया व् नववर्ष पर आगामी कार्यक्रम को सभी महिलाये विशाल रूप से मनाने का भी निर्णय लिया इस अवसर पर हुए संस्था की सदस्य रंजू अग्रवाल ऋचा अग्रवाल ,कोमल,सोनिआ व् नवनीत,नीना ,राज ने अपनी उपस्थिति दर्ज की/कार्यक्रम के सफल संचालन पर रंजू अग्रवाल को धन्यवाद प्रस्ताव से अभिनन्दन दिया गया।

# राजस्थान के सांसद चुरु राहुल कसवां का भव्य स्वागत



**हैदराबाद (एजन्सी),**

-------------------------------

तेलंगाना हैदराबाद राजस्थान से पधारे चुरु सांसद राहुल कसवां धर्मपत्नी नीलू कसवां पुत्री महामहिम जगदीप धनखड़, उप राष्ट्रपति भारत ,,सासद पिए रोहितास धनकड़ ,मनोज ढाका पूर्व सरपंच, जाट नेता विजयपाल चहार बागसरा जाट नेता , महेंद्र डुकीया पूर्व सरपंच सालासर ,गणेश ढाका ,जाट नेता धर्माराम ढाका हैदराबाद विकास शर्मा,रामनिवास गोरचिया,ओमप्रकाश सिंवर,गुलाब बांगड़ा, आंनद शर्मा , गोपाल जाट , ओमप्रकाश गोटीया , जगदीश सीरवी,तुलसाराम बेरा ,सुजाराम कोंकणा का सम्मान किया। इस अवसर पर राजस्थानी प्रवासी उपस्थित थे।



# अखिल भारतीय सीरवी समाज वालीबॉल प्रतियोगिता महाकुम्भ का हुआ समापन




**बेंगलूरू (एजन्सी),**

---

सीरवी समाज कर्नाटक ट्रस्ट बलेपेट व माताजी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय सीरवी समाज वॉलीबॉल प्रतियोगिता महाकुम्भ का समापन रविवार को मागडी रोड जोगरनहल्ली स्थित आईधाम मैदान में हुआ। शनिवार को लीग मैच खेले गये।

दूसरे दिन रविवार को क्वाटर फाईनल, सेमी फाईनल, फाईनल मैच खेले गये। फाईनल मुकाबला सीरवी पुणे व जेडीमेटला ए. हैदराबाद के बीच खेला गया। जिसमें जेडिमेटला ए. टीम ने अपनी शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया। वही रनर सीरवी पुणे टीम रही। तीसरे स्थान पर मिरपेट डी.एस.सी.रही।

चौथे स्थान पर केंगेरी ए. टीम रही। मेन ऑफ दा मैच राकेश, मेन ऑफ दा सिरिज गोविंद, बेस्ट नेटर मनोज, बेस्ट शुटर उमेश, बेस्ट डिफेंडर महेंद्र, बेस्ट सेंटर यशवंत रहे। प्रतियोगिता के आयोजक सीरवी समाज कर्नाटक बलेपेट की ओर से विजेता टीमो व खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

इस प्रतियोगिता में सभी टीमों के कप्तान को मोमेटों व साफा पहनाकर सम्मान किया गया। समापन समारोह में पधारे मुख्य अतिथि के रूप में सीरवी महासभा कर्नाटक के अध्यक्ष बाबूलाल परिहार, महासचिव अमरचन्द सानपुरा, पूर्व अध्यक्ष विरमराम सोलंकी और मुम्बई, पुणे, हैदराबाद, मैसूरू, बेंगलूरू, तुमकूर व अन्य क्षेत्र के वडेरों के पदाधिकारी एवं संस्था के अध्यक्ष हरिराम गेहलोत, उपाध्यक्ष अन्नाराम परिहारिया, सह-सचिव भंवरलाल गेहलोत, कोषाध्यक्ष मोतीराम लचेटा, सह-कोषाध्यक्ष लक्ष्मण राम पंवार, खेल मंत्री कैलाश भायल, खेल मंत्री दुदाराम काग, शेषाराम भायल, जगदीश चोयल, रामलाल काग, नेमाराम गेहलोत, शेषाराम सेंणचा, मांगीलाल चोयल,राजूराम बर्फा, गोपाल सेंणचा आदि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में कार्यकारिणी के सभी सदस्य, सेवा संघ सदस्य, सांस्कृतिक समिति, गेर मंडल, महिला मंडल का विशेष सहयोग रहा। संचालन सह-सचिव भंवरलाल गेहलोत ने किया।

# 26 से 29 दिसंबर तक विश्व जागृति मिशन का विराट-भक्ति-सत्संग का आयोजन

**हैदराबाद (एजन्सी),**

---

विश्व जागृति मिशन हैदराबाद मंडल के तत्वावधान में परमपूज्य सद्गुरुदेव श्रध्देय श्री सुधांशुजी महाराज के पावन सान्निध्य में ललीत कला तोरणम पब्लिक गार्डन नामपल्ली हैदराबाद में चार दिवसीय विराट-भक्ति-सत्संग का आयोजन 26 दिसंबर से 29 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा । विराट-भक्ति-सत्संग कार्यक्रम को सफल बनाए जानें हेतु रविवार को आबिड्स स्थित हिरा-हॉल में एक विशेष आवश्यक बैठक



का आयोजन मिशन के राष्ट्रीय प्रधान प्रेमसिंह राठौर की अध्यक्षता में किया गया । इस महत्वपूर्ण बैठक में श्री प्रेमसिंह राठौर, अशोक कुमार अग्रवाल, शंकरलाल अग्रवाल, बंकटलाल गिल्डा, नरेश बब्बानी,बी. सी. जोधानी,जसमत भाई पटेल, कमलेश जी महाराज,रिध्देश जागीरदार, सुमेरसींह राठौर, रतनसींह शेखावत, नंदगोपाल भट्टड, डी.गोपाल, राजकुमार दायमा, सज्जनलाल श्रीवास्तव, पी.रघुवीर,फुसाराम प्रजापत, शिवराज पाटिल, राजू भागचंदानी, भाग्यनारायण, प्रकाश देवकर, भरत सुत्रवे, श्यामराव बागाडे,अमरसिंह, सनातन शेंडगे,विलासराव बिरादर, चंदनसींह चौहान, रामहजुर विश्वकर्मा,डॉ.सवरूपानंद नायक, डॉ. अनूप भटनागर, श्रीमती आसमान कंवर राठौर, उर्मीला साबु , शिबानी मैथी, सुधा सींह, कांता अग्रवाल, सुनिता मगनानी, सरोज अग्रवाल, कालींदी चिंतावार, बबीता नागरे, इंद्रानी भोपे, मंजु अग्रवाल, ममता शर्मा , लिला सोनी आदी उपस्थित थे। मिशन हैदराबाद मंडल के महामंत्री अशोक कुमार अग्रवाल नें समस्त गुरूभक्तो को धन्यवाद देकर विराट-भक्ति-सत्संग सत्संग कार्यक्रम सफल बनाने का अनुमोदन किया।

# रेवती के परिवार के साथ खड़ा है वैश्य समाज



**हैदराबाद (एजेंसी),**

---

रेवती के परिवार के साथ खड़ा है वैश्य समाज वीबीजी के संस्थापक मडिपाडिगे राजू ने कहा कि वैश्य समाज संध्या थिएटर घटना में मृत रेवती के परिवार के साथ खड़ा है। वीबीजी फाउंडेशन के तत्वावधान में प्रतिनिधियों ने सोमवार को रेवती के पति भास्कर से मुलाकात की और परिवार को वित्तीय सहायता प्रदान की। सिलवेल प्रमुख बंडारू सुब्बाराव ने कहा कि वैश्यों को जहां भी कोई खतरा होगा वे उनके साथ खड़े रहेंगे. रेवती के परिवार की मदद करने वालों में काशी, इम्मादी रमेश, राम सत्यनारायण, अलापति श्रीकर, पब्बती रवि, कोल्लीपारा रवि, नरेश, डॉ. श्रीकांत, चिकोटी दयाकर और अन्य शामिल थे।

उन्होंने रेवती के परिवार की मदद करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद दिया।




**हैदराबाद (एजेंसी),**भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी.नरसिम्हा की 20वीं पुण्यतिथि के अवसर पर नवभारत निर्माण संघ द्वारा अमृत सम्मेलन हॉल राघव रतन टावर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रख्यात कवियों श्रीमती सुधा ठाकुर डॉ. कुमुदबाला, डॉ. मुमताज सुल्ताना रेखा वर्मा को सामाजिक कार्यकर्ता अमृत कुमार जैन, संघ के अध्यक्ष एस रवि कुमार डॉ. पी. अंकैया ने सम्मानित किया।

# 29 दिसंबर को अग्रवाल समाज घांसी बाजार झूला शाखा का अन्नकूट प्रसाद

**हैदराबाद (एजन्सी),**

---

अग्रवाल समाज घांसी बाजार झुल्ला शाखा की मीटिंग शाखाध्यक्ष गोविंदराम अग्रवाल (पचेरिया) की अध्यक्षता में श्री राणीसती दादी के मंदिर में सम्पन हुई|

मीटिंग में शाखा द्वारा रविवार 29 दिसंबर को मध्यान्ह 1बजे से 4 बजे तक श्री राणी सती दादीजी के मंदिर में ही आयोजित किये जाने वाले अन्नकूट प्रसाद पर विस्तृत चर्चा की गयी | अन्नकूट प्रसाद का निर्णय शाखा की पूर्ववत की गई मीटिंग में लिया गया गया था | जिसमे कार्यक्रम को सुचारू रूप से सम्पन्न करने के लिए प्रधान संयोजक दीपक अग्रवाल (पचेरिया) को व् सह - संयोजक मनोज अग्रवाल ( गोशालावाला) अशोक अग्रवाल



(सोलानावाला) हरिनारायण अग्रवाल बबिता अग्रवाल (मित्तल) को बनाया गया था | आज शाखा के मानद मंत्री सज्जन अग्रवाल (बायॅवाला ) ने बताया की मीटिंग में शाखा के सभी सदस्यो को परिवार सहित व् शाखा की महिला समिति को आमंत्रित करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया | अन्नकूट प्रशाद के प्रधान संयोजक दीपक अग्रवाल (पचेरिया) ने बताया की कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी गई है | अवसर पर शाखा के अनिल अग्रवाल (धरसुवाला), शाखा उपाध्यक्ष व् प्रचार प्रसार प्रभारी योगेंद्र क़टारुका, शाखा कोषाध्यक्ष दिनेश अग्रवाल(सर्राफ), शिवकुमार अग्रवाल (जाखणीवाला) मनोज अग्रवाल (गोशालावाला )मनोज अग्रवाल (मित्तल ) अशोक अग्रवाल (सोलानावाला ) शिवभगवान अग्रवाल (बायॅवाला) कमल किशोर अग्रवाल आदि उपस्थित थे | अनिल धरसुवाला के धन्यवाद् के साथ मीटिंग समाप्त हुई |

# तेलंगाना के छात्र युवा संगम कार्यक्रम के तहत एनआईटी हमीरपुर की परिवर्तनकारी यात्रा पर निकले



**हैदराबाद (एजन्सी),**

---

मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय ((मानु)) ने हाल ही में एक जीवंत विदाई समारोह देखा, जब तेलंगाना के 50 छात्रों का एक दल हिमाचल प्रदेश के एनआईटी हमीरपुर की परिवर्तनकारी यात्रा पर निकला। यह रोमांचक प्रयास युवा संगम कार्यक्रम का हिस्सा है, जो एक भारत श्रेष्ठ भारत (EBSB) के तहत एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य भारत के विविध क्षेत्रों के बीच एकता और समझ को बढ़ावा देना है। तेलंगाना के विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों से भाग लेने वाले छात्र, शैक्षणिक विषयों के एक जीवंत क्रॉस-सेक्शन का प्रतिनिधित्व करते हैं। हिमाचल प्रदेश में उनका सात दिवसीय प्रवास एक मनोरंजक अनुभव होने का वादा करता है, जो सांस्कृतिक अन्वेषण, तकनीकी अंतर्दृष्टि और सामाजिक संपर्क का एक अनूठा मिश्रण प्रदान करता है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा सावधानीपूर्वक तैयार किया गया यह कार्यक्रम पाँच प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित है: पर्यटन, परम्परा, प्रगति, परस्पर संपर्क और प्रौद्योगिकी।

उत्साही दल को संबोधित करते हुए, (मानु) के प्रभारी कुलपति प्रो. पी. एफ. रहमान ने युवा संगम के गहन महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह पहल केवल पर्यटन से आगे बढ़कर है; यह युवा दिमागों को भारतीय संस्कृति, इतिहास और उपलब्धियों के समृद्ध ताने-बाने से जुड़ने के लिए एक शक्तिशाली मंच के रूप में कार्य करती है। हिमाचल प्रदेश के विविध परिदृश्यों, परंपराओं और विकासात्मक प्रगति का प्रत्यक्ष अनुभव करके, छात्र विभिन्न क्षेत्रों के अनूठे चरित्र और हमारे राष्ट्र को परिभाषित करने वाली उल्लेखनीय विविधता के बारे में अमूल्य जानकारी प्राप्त करेंगे। एमएएनयूयू में डीन और मास कम्युनिकेशन के प्रमुख और तेलंगाना में युवा संगम कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रोफेसर मोहम्मद फरियाद ने छात्रों से स्थानीय समुदायों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने, उनके अनुभवों से सीखने का अवसर अपनाने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में सार्थक योगदान देने का आग्रह किया।

प्रोफेसर फरियाद ने जोर देकर कहा कि युवा संगम केवल दर्शनीय स्थलों की यात्रा नहीं है; यह आत्म-खोज और अंतर-सांस्कृतिक शिक्षा की एक परिवर्तनकारी यात्रा है। कांस्य पदक विजेता और फ्लैग ऑफ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नंदिनी अगासरा ने युवा संगम के गहन प्रभाव को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह पहल युवाओं को भारत की विविध विरासत की गहरी समझ को बढ़ावा देने और राष्ट्र की प्रगति के प्रति साझा जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करती है। सहायक नोडल अधिकारी श्री मेराज अहमद ने कार्यक्रम की बहुआयामी प्रकृति पर प्रकाश डाला।

# राधे-राधे ग्रुप, भाग्यनगर, नित्य अन्नप्रसाद सेवा





**हैदराबाद (एजन्सी),**

---

पब्लिक गार्डन, पिलर-ए1265, नामपल्ली, भाग्यनगर, हैदराबाद में अल्पाहार (नाश्ता) परोसा गया। पौष मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि व टियाना मेधांश धनीश के जन्मदिन पर छोटेलालजी मातादी तुलस्यान परिवार द्वारा सेवा प्रदान की गई।

अवसर पर रमा देवी तुलस्यान सचिन दिव्या नवीन प्रेरणा टियाना मेधांश धनीश जगत नारायण अग्रवाल राजकुमारी अग्रवाल-सतीश गुप्ता रामप्रकाश अग्रवाल सुनीता अग्रवाल महेश अग्रवाल बबीता अग्रवाल अशोक अग्रवाल भगतराम गोयल संजय अग्रवाल सविता अग्रवालई. जगन (चंपापेट) नंदकिशोर अग्रवाल प्रीतिका अग्रवाल कैलाश चंद केडिया निर्मला केडिया सुशील गुप्ता शीतल गुप्ता नंदू भटे पवन गुरुजी और अन्य राधे-राधे समूह के सदस्य उपस्थीत थे।






Printed,Published,Edited & Owned by Sandesh B. Bharadwaj Printed at RK Art Printers, AP HB Shop , Vidhya Nagar, Hyderabad ( T.S.) 504001.Published from HO No 2-2-1103/5/3A,Himyathnagar, Hyderabad ( T.S.) RNI APHIN/2009/29553 500027. E-mail: dailyhindihyd@gmail.com, Website- hindidaily.net